गोपनीय/समयबद्ध

संख्या -39/सीएम 36 (1)/84-1-2013-11(शि)/13

प्रेषक,

धर्म चन्द्र पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

नियंत्रक,
विधिक माप विज्ञान विभाग, उ.प्र.,
7, बाला कदर रोड, लखनऊ ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बांट माप अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक : 07 अक्टूबर, 2013

विषय श्री आर0पी0 सिंह, वरिष्ठ निरीक्षक, कानपुर के सम्बन्ध में प्राप्त भ्रष्टाचार की शिकायत पर दोषियों के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-15/सीएम 36/84-1-2013-11(शि)/13, दिनांक 18.09.2013 की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री आर0पी0 सिंह, वरिष्ठ निरीक्षक, बांट माप विभाग द्वारा जारी किये गये फर्जी कैलीब्रेशन प्रमाणपत्रों की पुष्टि के उपरान्त उनके एवं दोषी कार्मिकों के विरूद्ध आपराधिक मामलों में विधिक कार्यवाही एवं कठोर अनुशासनिक कार्यवाही एक सप्ताह में किये जाने के निर्देश शासन द्वारा दिये गये थे किन्तु अभी तक आपराधिक मामलों के सम्बन्ध में की गयी कार्यवाही एवं कृत अनुशासनिक कार्यवाही के सम्बन्ध में शासन को अवगत नहीं कराया गया है।

2. अतः अनुरोध है कि प्रकरण की अद्यतन स्थिति से शासन को तीन दिवस में अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://bhagamadesh.up.nic.in